dainikbhaskar.com

बिज़नेस भास्कर

Business Standard और Bloomberg की खबरों के साथ

दैनिक भास्कर, रायपुर, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 11

फोकस एरिया दुनिया में मिनरल की डिमांड बढ़ी

माइनिंग उभरता सेक्टर, ये भारत के लिए बड़ा मौका

अनिल अग्रवाल
चेयरमैन, वेदांता समूह

मानव सभ्यता का पहला धातु युग 6,000 साल पहले शुरू हुआ जब हमारे पूर्वजों ने पहली बार तांबे (कॉपर) का इस्तेमाल शुरू किया। इसके बाद का लौह युग 3,000 साल पहले शुरू हुआ था। इस तरह माइनिंग और मेटलर्जी दुनिया के सबसे पुराने उद्योग हैं। ये इंडस्ट्री हजारों साल से इंसान के जीवन को समृद्ध बना रहे हैं। 21वीं सदी में इन्हें नई अहमियत मिली है। भविष्य की अर्थव्यवस्थाओं में इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अलावा एनर्जी के स्रोतों में बदलाव से जुड़ी टेक्नोलॉजी की बड़ी भूमिका होगी। इन सभी में मिनरल्स की जरूरत पहले से ज्यादा होगी। इससे भविष्य की अर्थव्यवस्थाएं मिनरल्स और मेटल्स पर अधिक निर्भर हो जाएंगी। इसे देखते हुए माइनिंग उभरता हुआ सेक्टर नजर आ रहा है। भारत इसका लाभ उठा सकता है।

ईवी को पेट्रोल-डीजल कार के मुकाबले चार गुना कॉपर की जरूरत होती है। विंड एनर्जी प्लांट को रेगुलर पावर प्लांट से नौ गुना ज्यादा मिनरल्स चाहिए होता है।

सभी ने ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) टेक्नोलॉजी के लिए लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसी मेटल और मिनरल्स की बढ़ती डिमांड के बारे में सुना है। लेकिन सिर्फ ये ही धातुएं भविष्य के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं। कॉपर और एल्युमीनियम जैसे मेटल्स की डिमांड भी बढ़ रही है। ईवी को पारंपरिक कार के मुकाबले छह गुना ज्यादा मिनरल्स की जरूरत होती है। इसमें कॉपर की चार गुना और एल्यूमीनियम की दोगुनी खपत होती है। समुद्र तट पर बने विंड एनर्जी प्लांट को रेगुलर पावर प्लांट की तुलना में नौ गुना मिनरल्स चाहिए। दुनियाभर की सरकारें नेट जीरो कार्बन टारगेट की घोषणा कर चुकी हैं। इससे मिनरल्स की डिमांड और बढ़ेगी। भारत इस डिमांड में आगे रहेगा।

हालांकि मिनरल्स की डिमांड जिस तेजी से बढ़ने वाली है, सप्लाई उतनी तेज होने की संभावना नहीं है। दुनिया के कई हिस्सों में मंजूरी मिलने में ज्यादा समय लगने से माइनिंग मुश्किल और धीमी हो गई है। किसी नए प्रोजेक्ट को माइनिंग के लेवल तक पहुंचने में 8-10 साल लग सकते हैं। इसके अलावा आसानी से खोजे जाने वाले मिनरल्स भी लगभग खत्म हो चुके हैं। इसके चलते माइनिंग की लागत बढ़ रही है। इससे मिनरल्स की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। दुनियाभर में बड़े पैमाने पर मिनरल माइनिंग और सप्लाई कुछ देश ही करते हैं। महत्वपूर्ण मिनरल्स की वैश्विक उत्पादन क्षमताओं का 50-80 फीसदी अकेले चीन में है। दूसरी तरफ भारत अभी लिथियम, कोबाल्ट या निकल की माइनिंग नहीं करता है। हमारी जरूरत का 95 फीसदी कॉपर कॉन्सनट्रेट और 45 फीसदी रिफाइंड कॉपर आयात किया जाता है। प्राथमिक एल्युमीनियम की कुल घरेलू खपत का भी लगभग 60 फीसदी आयात किया जाता है।

जाहिर है, मौजूदा हालात बदलने की जरूरत है। सौभाग्य से सरकार देश की माइनिंग जरूरतों पर ध्यान दे रही है। अब तक देश में क्षमता का सिर्फ 30 फीसदी ही मिनरल खोजा गया है। इसमें से भी 10 फीसदी से कम निकाला जाता है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे समान भूविज्ञान वाले देशों ने अपनी 90 फीसदी से अधिक क्षमता का पता लगा लिया है और प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा पाई है। एक समृद्ध खनन उद्योग की तरफ पहला कदम खनिजों की खोज है। यदि हम नहीं जानते कि खनिज कहां हैं तो खनन करना असंभव है। विश्व स्तर पर खनिजों की खोज खनन कंपनियों नहीं, बल्कि स्पेशलाइज्ड जूनियर एक्सप्लोरेशन कंपनियां करती हैं। ये कंपनियां खनिजों की खोज में निहित जोखिम उठाती हैं और माइनिंग कंपनियों को राइट्स बेचकर इस तरह की हर खोज से कमाई करती हैं। भारत में हमारी पॉलिसी रिजीम सिर्फ नीलामी पर आधारित है। ये सिस्टम इस पूरी प्रक्रिया को मुश्किल बनाता है। यदि हम उदार नीतियां बनाकर माइनिंग सेक्टर में स्टार्टअप्स को आमंत्रित करें तो अपने देश में मौजूद हर मिनरल खोजने में सक्षम हो जाएंगे। आंत्रप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने का ये एक जबरदस्त मौका है।

बदलते परिवेश में हम न सिर्फ घरेलू बाजार के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए मिनरल्स का उत्पादन कर सकते हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन कर सकते हैं, विदेशी मुद्रा बचा सकते हैं, पैदा कर सकते हैं और सरकारी खजाने में बड़ा योगदान भी दे सकते हैं। भारत में माइनिंग और मेटल रिफाइनिंग से बड़े पैमाने पर नौकरियों के मौके बढ़ाए जा सकते हैं। हमें पता होना चाहिए माइनिंग सबसे ज्यादा रोजगार देने वाली इंडस्ट्री में से एक है। अभी बड़े स्तर पर खनिजों और धातुओं के आयात से भारत के बजाय दूसरे देशों में नौकरियां पैदा हो रही हैं। हाल के वर्षों में इस मामले में तकनीकी तौर पर बड़ी तरक्की हुई है। टेक्नोलॉजी के मामले में प्रगति का मतलब है कि पर्यावरण को कम से कम नुकसान के साथ माइनिंग की जा सकती है। कुल मिलाकर इस सेक्टर का स्वस्थ विकास भारत के लिए गेमचेंजर साबित होगा।

वार्षिक नतीजे का भास्कर एनालिसिस • कारों के दाम बढ़ने से मार्जिन 2.4% बढ़कर 9.24% होने का असर...

मारुतिः बिक्री 20% बढ़ी, पर मुनाफा 63% बढ़ा

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने 31 मार्च को खत्म वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 13,488 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। ये 2022-23 में हुए 8,264 करोड़ रुपए के मुनाफे से 63.2% ज्यादा है। पर बीते वित्त वर्ष कंपनी की बिक्री करीब 20% ही बढ़कर 1.35 लाख करोड़ रुपए हो गई। बहरहाल, जनवरी-मार्च तिमाही में मारुति सुजुकी का मुनाफा 48% बढ़कर 3,878 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान कंपनी की आय भी 19.3% बढ़कर 38,235 करोड़ रुपए हो गई। कारों के दाम बढ़ने से मार्जिन में 2.40% बढ़ोतरी इसकी सबसे बड़ी वजह रही। हालांकि 9 प्रमुख ब्रोकरेज कंपनियों ने औसतन 38,772 करोड़ की आय पर 3,916 करोड़ मुनाफे का अनुमान लगाया था। संभवतः यही वजह रही कि बीएसई पर शुक्रवार को मारुति सुजुकी के शेयर 1.70% गिरकर 12,687 रुपए पर बंद हुए। कंपनी ने कहा कि अब वह इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पर फोकस करेगी।

मारुति सुजुकी का पूरा सालाना रिजल्ट एक नजर में

कैटेगरी	2022-23	2023-24	घटा/बढ़ा
कुल बिक्री	1,12,501	1,34,938	▲19.9%
आय	1,18,410	1,41,858	▲19.8%
नेट प्रॉफिट	8,264	13,488	▲63.2%
कुल खर्च	1,10,414	1,28,781	▲16.6%
डिविडेंड	90 रुपए	125 रुपए	▲38.9%
प्रॉफिट मार्जिन	6.85%	9.24%	▲2.39%
कैश	1,785	2,659	▲49.0%

आंकड़े करोड़ रुपए में

मार्केट कैप नतीजे के दिन मारुति सुजुकी का मार्केट कैप 3.99 लाख करोड़ रहा, 14वीं बड़ी कंपनी

2023-24 में बनाए तीन रिकॉर्ड

बिक्री	निर्यात	नेट सेल्स
21.35 लाख गाड़ियां	2.83 लाख गाड़ियां	2.35 लाख करोड़

1. मारुति सुजुकी इंडिया लगातार तीसरे साल देश की सबसे बड़ी कार निर्यातक कंपनी रही। देश से कुल कार निर्यात में 41.8% हिस्सेदारी।

2. एर्टिगा जैसी यूटिलिटी व्हीकल्स की बिक्री 71.5% बढ़ी, लेकिन छोटी कारें, मिड-साइज मॉडल और लाइट कमर्शियल व्हीकल की बिक्री घटी।

टारगेट: निर्यात 8 लाख तक पहुंचाएगी

कंपनी ने भरोसा जताया है कि 1 अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2024-25 में वह 3 लाख से ज्यादा कारें निर्यात करेगी। 2030 तक निर्यात का ये आंकड़ा 8 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मानेसर (हरियाणा) प्लांट की उत्पादन क्षमता सालाना 1 लाख कार बढ़ाकर 9 लाख कर दी है।

प्लान: 7 साल में 6 ईवी लॉन्च करेगी

मारुति सुजुकी ने 2031 तक 6 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उतारने की योजना बनाई है। कंपनी की पहली ईवी 2025 तक लॉन्च होगी। कंपनी अब जापान और यूरोप के कुछ देशों को ईवी का निर्यात शुरू करने की भी योजना बना रही है।

एचसीएल टेक का मुनाफा 5.8% बढ़कर 15,710 करोड़; 18 रु प्रति शेयर डिविडेंड

मुंबई| देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी एचसीएल टेक को 2023-24 में 15,710 करोड़ का मुनाफा हुआ। ये 2022-23 में हुए 14,845 करोड़ रुपए के मुनाफे से 5.82% ज्यादा है। कंपनी की कुल आय भी 8.35% बढ़कर 1,11,408 करोड़ रुपए हो गई।

- कंपनी की आईटी और बिजनेस सर्विसेज से आमदनी 9.64% बढ़कर 81,148 करोड़ हो गई
- 2024-25 के लिए 2 रुपए मूल्य वाले हर शेयर पर 18 रुपए अंतरिम लाभांश की घोषणा

अल्फाबेट की तिमाही आय 15% बढ़ी, पहली बार डिविडेंड देगी गूगल की पैरेंट कंपनी

न्यूयॉर्क| गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट को 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 5.63 लाख करोड़ रुपए की आय हुई। ये बीते साल की समान तिमाही में हुई आय से 15 फीसदी ज्यादा है। बीती तिमाही कंपनी की शुद्ध कमाई 157.53 रुपए प्रति शेयर रही। अल्फाबेट ने पहली बार 16.7 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड देने की घोषणा की है।

म्यूचुअल फंडः छोटे शहरों की ग्रोथ बड़े शहरों से 33% ज्यादा

टॉप-30 सिटी में 39%, अन्य शहरों में 52% बढ़े फोलियो

अभिषेक कुमार | मुंबई

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से म्यूचुअल फंड्स के डायरेक्ट प्लान में छोटे शहरों के निवेशक ज्यादा तेजी से पैसे लगा रहे हैं। टॉप 30 (टी-30) शहरों के मुकाबले छोटे शहरों (बी-30) में निवेशकों की हिस्सेदारी ज्यादा बढ़ी है। रिटेल बी-30 शहरों के अकाउंट या फोलियो बीते वित्त वर्ष 52% बढ़े। टी-30 शहरों में ये ग्रोथ 39% रही। छोटे शहरों ने बड़े शहरों से 33.33% ज्यादा ग्रोथ दिखाई। 31 मार्च 2024 को डायरेक्ट प्लान में बी-30 शहरों के रिटेल खातों की संख्या 2.81 करोड़ हो गई। टी-30 शहरों के खातों की संख्या 8% कम 2.6 करोड़ रही।

शेयर मार्केट से म्यूचुअल फंड में शिफ्ट हो रहे निवेशक

कोविड के बाद बड़ी संख्या में बी-30 शहरों के निवेशकों ने डीमैट खातों के जरिये इक्विटी में निवेश शुरू किया था। अब उनमें से अधिकतर म्यूचुअल फंड का रुख कर रहे हैं।



कॉइन बाय जीरोधा के प्रोडक्ट हेड और एवीपी नीलेश वर्मा ने कहा, 'छोटे शहरों के ज्यादा निवेशक डायरेक्ट प्लान के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। शेयर मार्केट की अस्थिरता उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रही है।'

छोटे शहरों में डायरेक्ट स्कीम खातों की संख्या 52% बढ़ी

टी-30 रिटेल फोलियो	टी-30 ग्रोथ%	वित्त वर्ष	बी-30 रिटेल फोलियो	बी-30 ग्रोथ%
1.00	56.2	2020-21	0.79	41.2
1.63	63.0	2021-22	1.54	96.1
1.87	14.7	2022-23	1.85	20.1
2.60	39.0	2023-24	2.81	51.9

(फोलियो की संख्या करोड़ में, स्रोतः एम्फी)

बाजार में पांच दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 609 अंक गिरा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को पांच दिन से जारी तेजी थम गई। सेंसेक्स 609 अंक गिरकर 73,730 पर और निफ्टी 150 अंकों की गिरावट के साथ 22,420 पर बंद हुआ। मार्च तिमाही की कमजोर कमाई के बीच ऊंचे मूल्यांकन को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण निवेशकों ने बैंक, फाइनेंशियल और टेक शेयरों में मुनाफा वसूली की। जनवरी-मार्च तिमाही में अमेरिका की विकास दर दो साल के निचले स्तर 1.6% पर आने से दुनियाभर के बाजारों का रुझान कमजोर हुआ। इसके अलावा ज्यादातर कंपनियों के नतीजे भी कमजोर रहे।

रेजोनेंस के विद्यार्थियों का जेईई (मेन) 2024 में शानदार प्रदर्शन

कोटा |भारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने NTA द्वारा 24 अप्रैल 2024 को घोषित किए गए JEE (Main) 2024 सेशन 2 के परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान के रितम बेनर्जी ने आल इंडिया रैंक 102 प्राप्त की वहीं छात्रा सागरिका सिन्हा ने 106वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की। दोनों विद्यार्थियों ने 99.99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त की। मुथु एस ने 131वीं, नीतीश ने 206, यशवर्धन चौधरी ने 250वीं, सौकर्य भट्टाचार्य ने 254वीं, सुवन अरोड़ा ने 322वीं, दीपक ने 467वीं, स्मेरा पांडा ने 561वीं, एस. समुद्र राज ने 643वीं, निहार राव ने 710वीं, चितलुरी धीरज ने 755वीं, अक्षरा चेन्नुभटला ने 778वीं, वैभव गुप्ता ने 865वीं, मुकुंद हेब्बार ने 944वीं और अमिष गोयल ने 986वीं आल इंडिया रैंक हासिल की।

स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को मिला देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान

मेरठ | स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सीएसआर ग्रुप द्वारा देश के शीर्ष विश्वविद्यालय के सम्मान से सम्मानित किया गया। सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलिज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय को सीएसआर ग्रुप के चेयरमैन एसके सचदेवा ने देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर डॉ. गोयल ने कहा, विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा युवाओं के उत्थान हेतु प्रदान कर रहा है। विवि शिक्षा, चिकित्सा एवं अनुसंधान के साथ भारतीय संस्कारों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके साथ ही विधि के क्षेत्र में संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान रोपित कर न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।

घटती मांग और पर्याप्त आपूर्ति के कारण चावल की कीमतें तीन महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली| एशियाई और अफ्रीकी देशों से कमजोर मांग और पर्याप्त आपूर्ति के कारण दुनिया के टॉप एक्सपोर्टर भारत के चावल का निर्यात मूल्य इस सप्ताह तीन महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर आ गया। भारत की 5% टूटी हुई पार बॉइल्ड किस्म की कीमत इस सप्ताह 44 से 44,680 रुपए प्रति टन थी, जो पिछले सप्ताह के दाम 44,800 से 45500 रुपए से कम है। पिछले महीने कीमतें 46680 रुपए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थीं।

बिजनेस प्लस

सुमीत ज्वेलर्स के 'डायमंड शॉपिंग फेस्टिवल' में फ्री गोल्ड क्वॉइन, ऑफर के 4 दिन शेष

रायपुर | जाने-माने ज्वेलरी ब्रैंड में से एक सुमीत ज्वेलर्स की ओर से आभूषण खरीदारों के लिए 'डायमंड शॉपिंग फेस्टिवल' लाया गया है, जो कि 30 अप्रैल तक है। इस फेस्टिवल के केवल चार दिन ही बाकी रह गए हैं। इस दौरान न केवल शादी-ब्याह समेत अन्य अवसरों के लिए मनभावन हीरे के गहनों की खरीदी की जा सकती है, साथ ही गोल्ड क्वॉइन फ्री पाया जा सकता है। यानी डायमंड शॉपिंग फेस्टिवल में हीरे के गहनों की खरीदी पर आपको सोना मिलेगा, वो भी फ्री। इस विशेष फेस्टिवल ऑफर के अंतर्गत प्रत्येक एक लाख की ज्वेलरी की खरीदी पर गोल्ड क्वॉइन फ्री है। आभूषण खरीदारों के पास अच्छा मौका है, अपनी मनपसंद डायमंड ज्वेलरी की खरीदी करने का। डायमंड शॉपिंग फेस्टिवल का लाभ सुमीत ज्वेलर्स के रायपुर, दुर्ग, राजिम और राजनांदगांव स्थित शोरूमों में लिया जा सकता है। अक्षय तृतीया के मद्देनजर सुमीत ज्वेलर्स में गोल्ड, डायमंड और सिल्वर ज्वेलरी आदि का लेटेस्ट कलेक्शन अवेलेबल है। वैवाहिक अवसरों के लिए एक्सक्लूसिव ब्राइडल ज्वेलरी की अपडेट रेंज है। इसमें लेटेस्ट डिजाइंस और यूनिक पैटर्न के ढेर सारे ज्वेलरी ऑप्शंस हैं।

5 मई को होंगे 19 साल पूरे

सुमीत ज्वेलर्स 5 मई, 2024 को अपनी स्थापना के 20वें साल में प्रवेश करेगा। यह ज्वेलर 19 वर्षों से लगातार अपनी उत्कृष्ट सेवाएं आभूषण खरीदारों को देते आया है। 'हम गढ़ते है विश्वास' का स्लोगन वाले इस ज्वेलर की ग्राहकों के बीच मजबूत साख रही है।



शुभम के मार्ट में 'बजट वाला बिल' ऑफर

रायपुर | हाइपर मार्केट चेन स्टोर शुभम के मार्ट में उपभोक्ताओं को खरीदी पर विशेष ऑफर दिया जा रहा है। ऑफर में दी जा रही छूट का लाभ लेते हुए उपभोक्ता अपनी जरूरत और पसंद के मुताबिक अपने बजट वाली खरीदारी कर सकते हैं। विशेष ऑफर की वजह से खरीदी के बिल में अच्छी खासी बड़ी बचत उपभोक्ताओं को हो रही है। यह ऑफर केवल सीमित समय के लिए है।



बता दें कि शुभम के मार्ट में एक ही छत के नीचे टॉप ब्रांड्स के अलावा प्राइवेट लेबल पर 100 से अधिक प्रकार उत्पाद ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं। इस वन स्टॉप स्टोर में उपभोक्ताओं को किफायती दामों पर ग्रॉसरी, फूड्स, डेली नीड्स आइटम, केयर प्रोडक्ट्स, डेकोर, फैशन अपैरल, फुटवियर, स्टेशनरी, क्रॉकरी, होम अप्लायंसेज और फर्निशिंग आइटम आदि की कम्पलीट रेंज अवेलेबल रहती है। वहीं, उपभोक्ताओं को हर दिन एमआरपी पर कम से कम 9 से 90 फीसदी तक की छूट मिलती है। शुभम-के-मार्ट की छत्तीसगढ़ के अलावा राजस्थान और गुजरात में भी मौजूदगी है, और देशभर में इसके 25 से ज्यादा स्टोर्स हैं।

एजुकेशन प्लस

एक्सेल एजुकेशनल में सीए फाउंडेशन के लिए एडमिशन शुरू

रायपुर | टॉप चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) कोचिंग सेंटर में से एक एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में सीए फाउंडेशन सितंबर/ दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 के लिए एडमिशन शुरू हो चुके है। एक बैच फुल होने के बाद दूसरी नई बैच के लिए एडमिशन लिए जा रहे हैं।

बता दें कि एक्सेल एजुकेशनल एक प्रमुख सीए कोचिंग सेंटर के रूप में उभरी है जो प्रत्येक छात्र को उनके अनुरूप सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है। यहां लेखांकन और वित्त में मजबूत नींव बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिससे ये सुनिश्चित होता है, छात्र सीए परीक्षा और पेशेवर करियर में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार है। संस्थान का ट्रैक रिकॉर्ड है कि कई छात्र पहले प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण करते है, यह ट्रैक रिकॉर्ड एकेडमिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक्सेल इंस्टीट्यूट के छात्रों की सफलता की कहानियां खुद बयां करती है। कई छात्रों ने न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की है बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंक भी हासिल की है।



आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी पक्षकारा के द्वारा के द्वारा प्रदत्त अधिकार व निर्देश पर यह आम सूचना प्रकाशित करती हूँ कि मेरी पक्षकारा को न्यायालय श्रीमान् भावेश कुमार वट्टी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायपुर के परिवाद प्रकरण क्र. 7928/19 में दिनांक 04.04.2019 को आदेश पारित कर प्रतिमाह 10000/- भरण पोषण की राशि एवं उन्हें आपके स्वामित्व के राधास्वामी नगर रायपुर छ.ग. में तीन मंजिला मकान जो वर्तमान में आप नोटिसी के नाम है, के ग्राउंड फ्लोर में स्थित एक कमरा अटैच लेट बाथ को मेरी पक्षकारा के जीवनकाल तक रहने के लिए दिया गया था, जिसमें आप नोटिसी पूर्णतः सहमत होकर मेरी पक्षकारा को उक्त A/72 राधास्वामी नगर, रायपुर छ.ग. के ग्राउंड फ्लोर में एक कमरे का मकान दिया है।

मेरी पक्षकारा को ज्ञात हुआ है कि आप अपने स्वामित्व के उक्त मकान को विक्रय करना चाहते है यदि कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय द्वारा क्रय किया जाता है, तो क्रेता को ग्राउंड फ्लोर स्थित मेरी पक्षकारा के अधिकार में प्राप्त उक्त एक कमरे के मकान पर किसी प्रकार का कोई अधिकार मेरी पक्षकारा के जीवनकाल तक प्राप्त नहीं होगा, यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय द्वारा क्रय किया जाता है तो उसके समस्त व्यय एवं परिणाम के द्वारा क्रेता स्वयं जिम्मेदार व जवाबदार होगा।
अतः सूचना जानें और ताकिद रहें।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 26.04.2024
श्रीमती निवेदिता मिश्रा, श्रीमती सीता सिंह
अधिवक्तागण
कार्यालय- जी-2, श्रीरामनगर,
फेस-1, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9827118538

आम सूचना

वाके मौजा तेलीबांधा प.ह.नं. 64, रा.नि.मं.- रायपुर-2 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 48, मदर टेरेसा वार्ड जलविहार कालोनी में लायंस क्लब के सामने स्थित भूमि खसरा नंबर 63/10 रकबा 0.0252 याने 2720 वर्गफीट पर निर्मित दो मंजिला मकान के क्रय-विक्रय पर आपत्ति बाबत्

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि वाके मौजा तेलीबांधा प.ह.नं. 64, रा.नि.मं.- रायपुर-2 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 48, मदर टेरेसा वार्ड जलविहार कालोनी में लायंस क्लब के सामने स्थित भूमि खसरा नंबर 63/10 रकबा 0.0252 याने 2720 वर्गफीट जिस पर दो मंजिला पक्का मकान निर्मित है, उक्त भूमि/मकान जिसके संयुक्त स्वामी (1) श्रीमति मधु खटवानी पति स्व. डॉ. एल.जे. खटवानी, (2) श्रीमती मोनिका पति हरिश कृपलानी तथा (3) श्रीमती दिशा खटवानी (श्रीमती पार्वती गिदवानी) (4) रूद्राक्ष खटवानी (गिदवानी) निवासी जलविहार कालोनी रायपुर है। उपरोक्त वर्णित भूमि/मकान जो कि मेरे पक्षकारगण श्रीमती दिशा खटवानी (श्रीमती पार्वती गिदवानी) व रूद्राक्ष खटवानी (गिदवानी) एवं उपरोक्त वर्णित भूमि स्वामीगण के संयुक्त स्वामित्व व उक्त भूमि/मकान के बराबर-बराबर हक व हिस्सा होने के बावजूद श्रीमती मधु खटवानी एवं श्रीमती मोनिका कृपलानी के द्वारा मेरे पक्षकारगण के बिना सहमति एवं अनुमति के उक्त भूमि/मकान के विधिवत बंटवारा हुए बगैर विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस पर मेरे पक्षकारगण को उक्त भूमि/मकान के विधिवत चार बराबर भागों में बंटवारा हुये बगैर विक्रय जाने पर आपत्ति है।

अतः आम जनता को सूचित किया जा रहा है कि उपरोक्त वर्णित भूमि/मकान को मेरे पक्षकारगण श्रीमती श्रीमती दिशा खटवानी (श्रीमती पार्वती गिदवानी) व नाबालिग रूद्राक्ष खटवानी (गिदवानी) के विक्रय किये जाने पर सहमत नहीं होने से श्रीमती मधु खटवानी एवं श्रीमती मोनिका कृपलानी या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति से क्रय-विक्रय का संव्यवहार न करें, यदि उनसे क्रय-विक्रय का संव्यवहार किया जाता है, उक्त संव्यवहार अवैध एवं शून्य होने से मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जानें।
स्थान :- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 26/04/2024
अखिलेश कुमार शर्मा, अधिवक्ता
लिली चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 8120975320, 9300414826

आम सूचना

ग्राम- बकतरा प.ह.नं. 00022 तहसील आरंग एवं जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता प्रकाश माखीजा पिता श्री आतम दास माखीजा निवासी- मकान नंबर 12, संत शदानी नगर, बोरियाकला, माना, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम- बकतरा, प.ह.नं.- 00022, रा.नि.मं. मंदिरहसौद तहसील आरंग एवं जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भू-स्वामी हक की कृषि भूमि है, जो कि मुख्य मार्ग से अन्दर की ओर स्थित है, जिसका खसरा नं. 2/3, जिसका रकबा 0.1400 हेक्टेयर भूमि को खरीदने का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 5 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें। समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जानें।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 26/04/2024
हरनामदास सुंदरानी, कौशलेन्द्र तिवारी,
अनंत तिवारी, अधिवक्तागण
लिबर्टी फोटो कापी सेंटर,
कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)
मो.- 9826181154

FORM NO RSC 4
[PURSUANT TO RULE 3(3)]
BEFORE THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL, CUTTACK BENCH, AT CUTTACK
IN
CP NO. 1/CB/2024

In the matter of the Companies Act, 2013; and In the matter of an Application under Section 66 of the Companies Act, 2013 read with the National Company Law Tribunal (Procedure for Reduction of Share Capital of Company) Rules, 2016;
SKY ALLOYS AND POWER LIMITED
a company incorporated under the Companies Act, 1956 having its registered office at House No. 16, Recreation Road Choubey Colony, Raipur-492 001, Chhattisgarh
......Applicant Company

PUBLICATION OF NOTICE

Notice may be taken that an application was presented to the Hon'ble National Company Law Tribunal, Cuttack Bench ("Hon'ble Tribunal"), on the 15th day of April, 2024 for confirming the reduction of the share capital of Sky Alloys & Power Limited ("Applicant Company") from 69261880 (Six Crore Ninety Two Lac Sixty One Thousand Eight Hundred and Eighty) equity shares of Rs. 10/- (Rupees Ten) each aggregating to Rs. 69,26,18,800/- (Rupees Sixty Nine Crore Twenty Six Lac Eighteen Thousand and Eight Hundred Only) to 46511040 (Four Crore Sixty Five Lac Eleven Thousand and Forty) equity shares of Rs. 10/- (Rupees Ten) aggregating to Rs. 46,51,10,400/- (Rupees Forty Six Crore Fifty One Lac Ten Thousand and Four Hundred Only). The notices to individual creditors have been issued. The list of creditors prepared on the 02.03.2024 by the Applicant Company is available at the registered office of the Applicant Company for inspection on all working days during 11.00 a.m. to 4.00 p.m. between Mondays to Fridays. If any creditor of the Applicant Company has any objection to the application or the details in the list of creditors, the same may be sent (along with supporting documents) and details about his name and address and the name and address of his Authorised Representative, if any, to the undersigned at the registered office at House No. 16, Recreation Road, Choubey Colony, Raipur-492 001, Chhattisgarh, within three months of date of this notice. If no objection is received within the time stated above, entries in the list of creditors will, in all the proceedings under the above petition to reduce the share capital of the Applicant Company, be treated as correct. It may also be noted that a hearing has been fixed for 22nd day of July, 2024 on which the Hon'ble Tribunal shall hear the application. In case any creditor intends to attend the hearing he should make a request along with his objections, if any.
Date: 27.04.2024 Place: Raipur
For Sky Alloys & Power Limited
Sd/-
Ravi Singhal
Managing Director
DIN: 01197349

आम - सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूर्णिमा साहू पति श्री ओमप्रकाश साहू निवासी- एकता नगर, धमतरी (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति जिसका खसरा नं.- 977/3, रकबा- 1378 वर्ग फुट है जो कि मौजा- धमतरी, पोस्ट आफिस वार्ड क्रमांक- 24, प.ह.नं. - 00030, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित है उक्त सम्पत्ति से संबंधित पूर्व के विक्रय विलेख जिसमें विक्रेता श्रीमति ममता मिश्रा पति श्री चंद्रशेखर मिश्रा निवासी- शिव चौक के पास, धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), क्रेता श्रीमती विधु बाला पति श्री विक्रम सोनी निवासी- बम्लाई पारा, ब्राम्हण पारा वार्ड, धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), जिसका पंजियन दिनांक - 29-10-2010, ग्रंथ क्र.- 7967 प्रविष्टी क्र.- 1659 है।

उक्त सम्पत्ति से सम्बंधित पूर्व विक्रय विलेख श्री ओमप्रकाश साहू से कहीं गुम हो गया है, जिसके संबंध में एक सूचना संबंधित थाना- सिटी कोतवाली धमतरी में कर दी गई है। मेरे पक्षकार श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं श्री ओमप्रकाश साहू के द्वारा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक, रायपुर शाखा से लोन (ऋण) ले रहा है।

अतः यदि उपरोक्त मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी लाभ अथवा कूट- रचना अवैधानिक तरीके से किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा किया जाता है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि उक्त दस्तावेज का दुरुपयोग कर किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति या व्यक्ति समूह द्वारा लाभ प्राप्त किया गया है तथा जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं अर्ध-शासकीय निकाय इत्यादि को उक्त दस्तावेज के आधार पर किसी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। उक्त समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति/भूमि को किसी भी प्रकार से अंतरित/बंधक करने हेतु स्वतंत्र होगा।
सो सूचना जानें।
रायपुर (छ.ग.).
दिनांक - 27/04/2024
ललित वर्मा, अधिवक्ता
अ/85 आदर्श नगर, कुशालपुर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.), मो.- 9827102794, 9009300030

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री ओमप्रकाश साहू पिता श्री किशुन साहू निवासी- एकता नगर, धमतरी (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति जिसका खसरा नं.- 136/49, रकबा- 1800 वर्ग फुट है जो कि मौजा- गोकुलपुर, डॉ. अम्बेडकर वार्ड क्रमांक- 34, (इन्द्रप्रस्त कालोनी), प.ह.नं.- 00035 तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित है उक्त सम्पत्ति से संबंधित पूर्व के विक्रय विलेख जिसमें विक्रेता श्री राजेंद्र शर्मा एवं श्री देवेन्द्र शर्मा दोनों पिता स्व. श्री कालीदास जी शर्मा दोनों निवासी- एफ सी आई रोड, नवागांव वार्ड तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), क्रेता श्री श्याम कुमार देवांगन पिता श्री रामसाय देवांगन निवासी- भटगांव तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), जिसका पंजियन दिनांक- 27-04-2010, ग्रंथ क्र. - 7830 प्रविष्टी क्र. - 192 है।

श्री ओमप्रकाश साहू से कहीं गुम हो गई है, जिसके संबंध में एक सूचना संबंधित थाना- सिटी कोतवाली धमतरी में कर दी गई है। मेरे पक्षकार श्री ओमप्रकाश साहू के द्वारा यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक, रायपुर शाखा से लोन (ऋण) ले रहा है।

अतः यदि उपरोक्त मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी लाभ अथवा कूट-रचना अवैधानिक तरीके से किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा किया जाता है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि उक्त दस्तावेज का दुरुपयोग कर किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति या व्यक्ति समूह द्वारा लाभ प्राप्त किया गया है तथा जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं अर्ध-शासकीय निकाय इत्यादि को उक्त दस्तावेज के आधार पर किसी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। उक्त समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति/भूमि को किसी भी प्रकार से अंतरित/बंधक करने हेतु स्वतंत्र होगा।
सो सूचना जानें।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक - 27/4/2024
ललित वर्मा, अधिवक्ता
अ/85 आदर्श नगर, कुशालपुर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
मो.- 9827102794, 9009300030

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील - मंदिर हसौद, जिला-रायपुर
आम सूचना

जारी दिनांक 19.04.2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चंद्रशेखर पिता/पति शिव कुमार वर्मा, निवासी मंदिर हसौद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नम्बर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल-मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 460/2, 1099/2, रकबा 0.081, 0.057 हेक्टेयर का सीमांकन / बटांकन/बंदोबस्त त्रुटी, न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 18.03.2024 के परिपालन में दिनांक 14/05/2024 को समय 01 बजे पश्चात् मेरे /गठित दल द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन/बटांकन /बंदोबस्त त्रुटी, में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।
(राजस्व निरीक्षक)
मंदिर हसौद

आम सूचना

ग्राम- बकतरा प.ह.नं. 00022 तहसील आरंग एवं जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता 1. श्री सतीश पारवानी पिता श्री साधु राम पारवानी निवासी- दास गुप्ता साहब के पीछे, वाईट टावर, आनंद नगर, आनंद पार्क, तेलीबांधा, रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती कनक ठाकुर पति श्री सुनील ठाकुर, निवासी- म.नं. 22, वृन्दावन कॉलोनी, मेन रोड, अमलीडीह रायपुर तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम- बकतरा, प.ह.नं.- 00022, रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील आरंग एवं जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि कृषि भूमि है, जो कि मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, स्थित है जिसका खसरा नंबर 2/4, एवं रकबा 0.1400 हेक्टेयर भूमि को खरीदने का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 5 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें। समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जानें।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 26/04/2024
हरनामदास सुंदरानी, कौशलेन्द्र तिवारी,
अनंत तिवारी, अधिवक्तागण
लिबर्टी फोटो कापी सेंटर,
कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)
मो.- 98261 - 81154

समक्ष नोटरी पब्लिक रायपुर छ.ग.
शपथ पत्र

मैं मोहम्मद पचमेढी वाला वल्द श्री मुल्ला जकीउद्दीन पचमेढी वाला पता एच नं. 2/54 पापुलर पेन्ट के सामने कुकुरबड़ा आमानाका रायपुर छ.ग. निचे लिखे अनुसार शपथ पत्र पेश करता हूँ

1. यह कि मेरा पासपोर्ट जारी किया गया जिसमें मेरा नाम मोहम्मद भाई दर्ज है जबकी मेरा सही नामा मोहम्मद पचमेढी वाला है
2. यह कि मेरा नाम मोहम्मद भाई एवं मोहम्मद पचमेढी वाला में से स्वयं के है
3. यह कि मैं अपने पासपोर्ट में अपना सही नाम मोहम्मद पचमेंढी साला दर्ज करवाना चाहता हूँ
4. यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में शपथपत्र पेश है।

सत्यापन

सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र में उल्लिखित तथ्य सत्य एवं सही है आज दिनांक 05.05.2022 को रायपुर छ.ग. में मैने अपना हस्ताक्षर किया
शपथकर्ता
मोहम्मद पचमेढ़ी वाला

आमसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार नरेश संचेती पिता पांचूलाल संचेती निवासी- कांकेर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य का आवासीय परिवर्तित भूमि पर स्थित आवासीय फ्लैट जोकि परिवर्तित भूमि खसरा नं. 511/3 & 511/1 के भाग पर निर्मित है, जो कि अरिहंत हाईट्स, निर्मित अपार्टमेंट/फ्लैट नं. 4003, चतुर्थ तल, एरिया 1326 वर्गफुट है। जो कि वाके मौजा, ग्राम- टिकरापारा, रविंद्रनाथ वार्ड, वार्ड नं. 51, प.ह.नं.- 114/45, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है।

यह कि नरेश संचेती पिता पांचूलाल संचेती निवासी- कांकेर (छ.ग.) के द्वारा उपरोक्त संपत्ति आवासीय फ्लैट जो कि परिवर्तित भूमि खसरा नं. 511/3 & 511/1 के भाग पर निर्मित है, जोकि अरिहंत हाईट्स, निर्मित अपार्टमेंट/फ्लैट नं. 4003, चतुर्थ तल, एरिया 1326 वर्गफुट है। जो कि वाके मौजा, ग्राम- टिकरापारा, रविंद्रनाथ वार्ड, वार्ड नं. 51, प.ह.नं.- 114/45, रा.नि. मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) को हर्ष जैन पिता श्री टीकमचंद जैन निवासी- शंकर नगर रायपुर एवं जिला रायपुर (छ.ग.) से विक्रय विलेख के माध्यम से दिनांक 26.10.2021 को उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्रमांक अ- 1, ग्रंथ क्रमांक 75155, पृष्ठ क्रमांक 180 से 209, दस्तावेज क्रमांक 4042 को प्राप्त किया था,

यह कि वर्तमान के क्रेता नरेश संचेती पिता पांचूलाल संचेती निवासी- कांकेर (छ.ग.) से पूर्व के कि मूल विक्रय विलेख दिनांक 09.03.2009 को उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 43268, पृष्ठ क्रमांक 01 से 18, दस्तावेज क्रमांक 6585 ग, का मूल बैनामा पंजी मेरे घर से कहीं गुम गया है जो अत्यधिक खोजने के पश्चात भी प्राप्त नहीं हुआ। क्रेता द्वारा वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक से उपरोक्त वर्णित भूमि को साम्यिक बंधक रखकर गृह ऋण लिया जा रहा है।

इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात के भीतर उक्त संव्यवहार पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को कोई दावा उजर आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा उजर आपत्ति समयावधि के भीतर अधोलिखित कार्यालयीन पते पर प्रेषित करें बाद मियाद अवधि की गई दावा उजर आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी ना होकर अवैध व शून्य होवेगी। सो सूचना जानें।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 26.04.2024
प्रदीप तिवारी, अधिवक्ता
निवासी- मकान नं. 187-188, आनंद भूमि, पिरदा रोड, लाभांडी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 94242-06480, 9425563992